# CITY BRIEFS



## यूपीईएस के साथ विदेशी संस्थानों के एमओयू

**DEHRADUN:** यूपीईएस ने वैश्विक पहचान को मजबूत करने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग और किंग्स कॉलेज लंदन के साथ एमओयू साइन किया. बताया गया है कि ये संस्थाएं ग्लोबल रैंकिंग में इन संस्थाओं का स्थान 27 और 40 नंबर हैं, जो शिक्षा और अनुसंधान में उनकी उत्कृष्टता को दर्शाता है. यूपीईएस के अधिकारियों के अनुसार इस एमओयू से विश्व स्तर पर सीधे मास्टर की डिग्री के लिए अवसर प्रदान होगा. यूपीईएस के वाईस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने कहा कि ऐसी सहयोगात्मक साझेदारियां हमारी ग्लोबल एजुकेशन का हिस्सा हैं. इसका मकसद इंटरनेशनल संस्थाओं के साथ जुड़ने का लक्ष्य नॉलेज के साथ आदान-प्रदान करना है. ऐकडेमिक एक्सेलेंस और परिवर्तनकारी अवसरों का एक जीवंत माहौल बनाना भी इसका पार्ट है. अभिषेक सिन्हा, डीन, स्कूल ऑफ लॉ और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रमुख यूपीईएस ने कहा कि एडिनबर्ग विवि और किंग्स कॉलेज लंदन के साथ हमारे सहयोग हमारे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो विश्वस्तरीय शिक्षा और रिसर्च के अवसर प्रदान करने के लिए हैं.